No. of Printed Pages : 12 **BCOC–131**

BACHELOR OF COMMERCE (GENERAL) (BCOMG) (CBCS)/B. A. (VOCATIONAL STUDIES) MICRO, SMALL AND MEDIUM ENTERPRISES (BAVMSME)

Term-End Examination

June, 2024

BCOC–131 : FINANCIAL ACCOUNTING

Time : 3 Hours *Maximum Marks : 100*

Note : *Answer any **five** questions. Each question carries 20 marks.*

1. (a) Discuss the objective and functions of accounting. 8

(b) Write about the basic accounting concepts and conventions to be observed while recording transactions and events in the books of accounts. 12

2. (a) Explain the accounting principles governing the measurement of accounting income. What are its objectives ? 5+5

(b) What do you mean by a Trial Balance ? Discuss the main objectives and limitations of the Trial Balance. 4+6

3. Enter the following transactions in a single-column cash book of Mr. Ram : 20

Jan., 2020		₹
2	Started business with cash	10,000
3	Purchased goods for cash	2,000
6	Sold goods	2,000
7	Cash paid for mobile recharge	200
8	Paid cheque to a creditor	1,800
9	Cash received from Sita	1,000
12	Bought furniture	1,750

14	Received commission	250
15	Sale of securities	7,000
17	Part payment of suppliers Ravi Ltd. against their previous bill for ₹ 5,000	1,000
19	Cash sales	10,000
20	Goods purchased by credit	10,000

4. What do you understand by depreciation ? Describe the various methods of depreciation. Explain the need for providing depreciation in book of accounts. 4+10+6

5. Mr. Raghav of Delhi purchased the required machine on 1-4-2019 for ₹ 65,000. He engaged Kathmandu to erect to unit, who charged ₹ 5,000 and agreed to wait a month for his payment.

The machinery was depreciated at 10% p.a. on the Fixed Instalment Method and accounting year being April-March.

On 1-10-2021, a single unit which cost ₹ 10,000 originally was sold for a cash price of ₹ 7,000. On the same date, a new machine costing ₹ 10,000 (paid for by cheque) was installed.

Write out the Machinery Account for the years 2019-20, 2020-21, 2021-22 and Machinery Disposal Account. 20

6. What do you understand by branch hire-purchase account ? Describe the accounting treatment of various important items in the books of hire purchaser, with illustrations.

5+15

7. (a) Explain the various types of branches used in the method of branch accounting. 10

(b) What is a pro forma invoice ? Prepare a pro forma invoice with assumed figures. 4+6

8. Gopal and Govind entered into a joint venture agreement to undertake the subscription of 50000 equity shares of ₹ 10 each issued by a newly formed limited company at a premium of ₹ 2 per share. The underwriting commission is 4% as provided in the articles.

Applications for 38000 shares were received from public and underwriters duly discharged their obligation by taking up the remaining shares. Gopal and Govind contributed ₹ 80,000 each and deposited the same in a joint bank account.

Sundry expenses incurred out to the joint bank amounted to ₹ 5,000. The underwriting commission was received by a cheque.

At the end of the venture 10000 shares were sold by them in the open market at ₹ 14 per share and the rest of the shares were taken up by them equally at cost. Profit of the venture was shared equally.

Prepare necessary Ledger Accounts from the above-mentioned information. 20

9. Write notes on the following : $2 \times 10 = 20$

(a) Computer Accounting

(b) Creation of voucher and its uses

BCOC–131

वाणिज्य स्नातक (सामान्य) (बी. कॉम. जी.) (सी.बी.सी.एस.)/बी.ए. (व्यावसायकि अध्ययन)

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (बी.ए.वी.एम.एस.एम.ई.)

सत्रांत परीक्षा

जून, 2024

बी.सी.ओ.सी.–131 : वित्तीय लेखाकरण

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : *किन्हीं* ***पाँच*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के 20 अंक हैं।*

---

1. (अ) लेखाकरण के उद्दश्यों और कार्यो पर चर्चा कीजिए। 8

(ब) लेखा पुस्तकों में लेन–देन और घटनाओं को दर्ज करते समय निरीक्षण की जाने वाली बुनियादी लेखाकरण अवधारणाओं और प्रथाओं के बारे में लिखिए। 12

2. (अ) लेखाकरण आय के माप को नियंत्रित करने वाले लेखाकरण सिद्धांतों की व्याख्या कीजिए। इसके उद्दश्य क्या हैं ? 5+5

(ब) तलपट से आप क्या समझते हैं ? तलपट बनाने के मुख्य उद्दश्यों और इसकी सीमाओं पर चर्चा कीजिए। 4+6

3. श्रीराम के निम्नलिखित लेन-देनों को एक कॉलम वाली रोकड़ बही में दर्ज कीजिए : 20

जनवरी 2020		₹
2	रोकड़ से व्यवसाय शुरू किया	10,000
3	नकद माल खरीदा	2,000
6	माल बेचा	2,000
7	मोबाइल रीचार्ज के लिए नकद भुगतान किया	200
8	एक लेनदार को चेक से भुगतान किया	1,800

9	सीता से नकद प्राप्त किया	1,000
12	फर्नीचर खरीदा	1,750
14	कमीशन प्राप्त किया	250
15	प्रतिभूतियों की बिक्री	7,000
17	आपूर्तिकर्ता रवि लिमिटेड को उनके ₹ 5,000 के पिछले बिल के विरुद्ध आंशिक भुगतान	1,000
19	नकद बिक्री	10,000
20	उधार माल खरीदा	10,000

4. मूल्यह्रास से आप क्या समझते हैं ? मूल्यह्रास की विभिन्न विधियों का वर्णन कीजिए। लेखा पुस्तकों में मूल्यह्रास प्रदान करने की आवश्यकता के बारे में बताइए। 4+10+6

5. दिल्ली के श्री राघव ने एक आवश्यक मशीन दिनांक 1–04–2019 को ₹ 65,000 में खरीदी। उन्होंने इकाइयों को स्थापित करने के लिए काठमाण्डू को चुना, जिन्होंने उससे ₹ 5,000 रुपये लिए और अपने भुगतान के लिए एक महीने की प्रतीक्षा करने पर वह सहमत हुए।

निश्चित किश्त पद्धति पर मशीनरी का 10% प्रति वर्ष की दर से मूल्यह्रास किया गया और लेखा वर्ष अप्रैल–मार्च है।

1–10–2021 को एक इकाई जिसकी मूलरूप से लागत ₹ 10,000 थी उसको ₹ 7,000 के नकद मूल्य पर बेचा गया। उसी तारीख को, एक नई मशीन को स्थापित किया गया जिसकी कीमत ₹ 10,000 है (चेक द्वारा भुगतान)।

वर्ष 2019–20, 2020–21, 2021–22 के लिए मशीनरी खाता तथा मशीनरी निपटान खाता लिखिए। 20

6. अवक्रय खातों से आप क्या समझते हैं ? अवक्रय क्रेता की बहियों में विभिन्न महत्वपूर्ण मदों के लेखाकरण उपचारों को उदाहरण सहित वर्णन कीजिए। 5+15

7. (अ) शाखा लेखाकरण पद्धति में उपयोग की जाने वाली विभिन्न प्रकार की शाखाओं की व्याख्या कीजिए।

10

(ब) बीजक प्रपत्र क्या है ? अनुमानित आँकड़ों के साथ एक बीजक प्रपत्र तैयार कीजिए। 4+6

8. गोपाल और गोविन्द ने ₹ 10 प्रति शेयर के 50000 इक्विटी शेयरों की सदस्यता लेने के लिए एक संयुक्त उपक्रम समझौता किया जिसे एक नवगठित सीमित देयता कंपनी के ₹ 2 प्रति शेयर के प्रीमियम पर जारी किया गया। अभिलेखों में लिखे अनुसार हामीदारी कमीशन 4% है।

जनता से 38000 शेयरों के लिए आवेदन प्राप्त हुआ और हामीदारों ने शेष शेयरां को लेकर अपने दायित्व का विधिवत निर्वहन किया। गोपाल और गोविन्द प्रत्येक ने ₹ 80,000 का योगदान दिया और एक संयुक्त बैंक खाते में जमा किया।

संयुक्त बैंक को दिए गए विविध व्यय की राशि ₹ 5,000 थी। हामीदारी कमीशन एक चेक द्वारा प्राप्त किया गया।

उद्यम के अंत में उनके द्वारा 10000 शेयर खुले बाजार में ₹ 14 प्रति शेयर में बेचे गए और शेष शेयरों को उनके द्वारा समान रूप से लागत मूल्य पर लिया गया। उद्यम का लाभ समान रूप से साझा किया गया था।

उपर्युक्त जानकारी के आधार पर आवश्यक खाता-बही तैयार कीजिए। 20

9. निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखिए : 2×10=20

(क) कम्प्यूटर लेखाकरण

(ख) वाउचर का निर्माण और उसके उपयोग